# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

# आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 14 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

*********************************************************************

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 21 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकारें 2029 से पहले समान नागरिक संहिता-यूसीसी लागू करेंगी। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में श्री शाह ने कहा कि कई राज्यों में यूसीसी लागू हो चुकी है और 2029 से पहले भाजपा-एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में इसे लागू कर दिया जाएगा।

ढेर सारे राज्यों  से कॉमन सिविल कोड-यूसीसी को हमने इंटरडयूस किया है और मुझे विश्वा1स है कि भाजपा एनडीए शासित 21 राज्यों  में हम 2029 के पहले यूसीसी को इंटरडयूस करेंगे। भारतीय न्या य संहिता जो बनाई है इसने क्रिमिनल जस्टिस सिस्टकम को भारतीय आधार देने का काम किया है और कई सारे राज्योंट में सजा कराने का दर का एक ही साल में तीस प्रतिशत वृद्धि हुआ है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने भारतीय न्याय संहिता के माध्यम से देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत किया है और दावा किया कि कई राज्यों में एक ही वर्ष में दोष सिद्धि दर के आंकड़ों में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। गृह मंत्री ने कहा कि तीन साल के भीतर न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक प्रणाली स्थापित की जा रही है।

*********************************************************************

आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्योहार बहुत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।  दस दिनों तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत का आज पहला दिन है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर देश विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को  शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश ज्ञान, समृद्धि और शुभ आरंभ के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी का त्योहार सभी के जीवन में ऊर्जा, ज्ञान और सकारात्मकता लाता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रार्थना की कि भगवान गणेश सभी के जीवन में सुख, शांति, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि लाएं। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने का भी आग्रह किया।

*********************************************************************

हरियाणा के पानीपत जिले से गणेश चतुर्थी का पर्व मनाए जाने के समाचार मिले हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।कल  देर रात तक बप्पा को घर लाने के लिए बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को  ध्यान में रखते हुए मिट्टी से निर्मित इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की जमकर खरीदारी की।

*****************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कल नारनौल के नांगल चौधरी में श्री विश्वकर्मा सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा आयोजित तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज और क्षेत्र की पहचान वहां की प्रतिभाओं से होती है। जब किसी युवा की मेहनत और उपलब्धि को समाज का सम्मान मिलता है तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और वह भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित होता है।

जन स्वास्थ्य मंत्री ने इस मौके पर सभी को 17 सितंबर को महेंद्रगढ़ में होने वाले राज्य स्तरीय विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

********************************************************************

क्रिकेट में, भारत ने महिला एशिया कप 2026 जीत लिया है। कल फाइनल में उसने श्रीलंका को 72 रन से हराकर 8वीं बार एशिया कप अपने नाम किया।

********************************************************************